गाँव कनेक्शन 24-30 नवम्बर 2013

यूपी से गुड़ बनाना सीख रहे पंजाब के किसान

गाँव कनेक्शन ब्यूरो

लखनऊ। विकास की अंधाधुंध दौड़ में पंजाब जैसे विकसित राज्यों से गुड़ की पारंपरिक मिठास का खात्मा होता नजर आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में वहां के किसान एवं कृषि विभाग गुड़ निर्माण व उसे बेचने के प्रति ज्यादा सजग एवं जागरूक हुये हैं। इस प्रयास के तहत पंजाब के होशियारपुर जिले के कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा प्रायोजित 'उन्नत गुड़ उत्पादन तकनीक' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

पिछले हफ्ते 19 से 21 नवंबर के बीच लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में किए गए इस आयोजन में होशियारपुर में संचालित स्वयं सहायता समूह के 17 सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ एसआई अनवर तथा डॉ दिलीप शर्मा थे।

संस्थान द्वारा विकसित बर्फीनुमा गुड़ बनाने की तकनीक पर जानकारी प्राप्त कर प्रशिक्षण में भाग ले रहे पंजाब के किसान काफी खुश नजर आए। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ सुशील सोलोमन ने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण पंजाब के किसानों को गुड़ उत्पादन के क्षेत्र में आगे ले जाने में भरपूर सहायता करेगा। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके किसान संस्थान के राजदूत के रूप में वापस अपने राज्य जायेंगे तथा वहां जाकर संस्थान द्वारा विकसित उन्नत व स्वास्थ्यवर्धक गुड़ बनाने की तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचायेंगे। इससे गुड़ बनाने का पारंपरिक एवं कुटीर उद्योग पंजाब में तरक्की की ओर अग्रसर होगा।